हरिभूमि


# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

04 निगम आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



06 10वीं में 58.55 और 12वीं में 62.41 प्रतिशत रहा बोर्ड ...





### कक्षा 12वीं का गणित व कॉमर्स संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

# सरस्वती विद्या मंदिर नलखेड़ा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट





**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर का बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सरस्वती विद्या मंदिर का कक्षा 12वीं का गणित व कॉमर्स संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कृषि विज्ञान संकाय का 83 प्रतिशत , विज्ञान संकाय का 75 प्रतिशत रहा है।कक्षा 12वी विज्ञान संकाय में पृथ्वीराज सिंह राजेन्द्रसिंह सिसोदिया 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान,बहिन अलकाकुंवर ईश्वरसिंह सिसोदिया 87 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान व विवेक बजरंग पाटीदार 86 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहे। 17 भैया बहनों ने शासन योजना अंतर्गत लैपटॉप प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं में कुल 55 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 16 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 10वीं में बहिन लक्ष्मी संजय पाटीदार 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम,हर्षिता दिनेश पाटीदार 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा भैया अतुल नंदकिशोर राठौर व दीक्षा सिंह राजवीरसिंह सिसोदिया 86 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 10वीं में 48 प्रथम श्रेणी 16 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस उपलब्धि पर नलखेड़ा शिक्षण समिति पदाधिकारी अरविंदजी सिंघवी अध्यक्ष, डा नरेन्द्र राठौर उपाध्यक्ष, मनोज फाफरिया कोषाध्यक्ष, व्यवस्थापक गोविंद वेदिया के साथ समिति सदस्य तथा प्राचार्य शिवराम प्रजापति , प्रधानाचार्य ईश्वर सोलंकी और आचार्य परिवार ने बधाई दी।

### नलखेड़ा के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षा में बाजी मारी



नलखेड़ा। यूनिक पब्लिक स्कूल के छात्र आदित्य पिता राजेन्द्र शर्मा ने कक्षा 12वीं में कॉमर्स विषय में 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। छात्र की सफलता पर परिजनों, इष्ट मित्रों व स्कूल परिवार द्वारा बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



कमला सागर हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा अमी सचिन तांतेड़ ने कक्षा 12वीं में गणित विषय में 89.80 अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। छात्रा की इस सफलता पर परिजनों, इष्ट मित्रों व विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।



गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा धनिका पुत्री दिलीप खंडेलवाल ने कक्षा 10वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर सुयश प्राप्त किया है। छात्रा धनिका को इस सफलता पर स्कूल परिवार एवं परिजनों ने बधाई दी है।




यूनिक पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धिमा पंवार पिता अनिल पंवार ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में कॉमर्स संकाय में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया। छात्रा की सफलता पर परिजनों, इष्ट मित्रों व विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।



माध्यमिक शिक्षा मंडल 12वीं बोर्ड परीक्षा में गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा सुहानी निलेश लोढ़ा ने 86% अंक प्राप्त कर स्कूल कि मेरिट सूची में द्वितीय स्थान बनाया है। छात्रा की सफलता पर विद्यालय परिवार, परिजनों व इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।



छात्र तनिष्क पिता पवन कुमार अग्रवाल ने कक्षा 10वीं में 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। छात्र की इस सफलता पर परिजनों व इष्ट मित्रों द्वारा बधाई दी है।



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा आठवीं का परिणाम जारी किया गया इसमें गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा कुमारी निष्ठा चंद्रावत पिता भारतसिंह चंद्रावत ने कक्षा आठवीं में 92.17%अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया छात्रा को इष्ट मित्रों तथा परिवारजनों ने बधाई दी है।

### गुरुकुल की छात्रा वेदिका का हाईस्कूल में जिले में तीसरा स्थान



नलखेड़ा। गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा वेदिका पिता जगदीशचंद पालीवाल ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार व नगर को गौरवांवित किया। छात्रा वेदिका पालीवाल ने बोर्ड परीक्षा 10वीं में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरे व नगर में प्रथम स्थान पर रही। वेदिका की सफलता पर विद्यालय परिवार, परिजनों व इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## सीएम राइज विद्यालय नलखेड़ा में व्यवसायिक पाठ्यक्रम ब्यूटी एंड वैलनेस का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत





**नलखेड़ा।** सीएम राइज विद्यालय नलखेड़ा का बोर्ड परीक्षा 2024 का हाईस्कूल व्यवसायिक पाठ्यक्रम ब्यूटी एंड वैलनेस का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कुल दर्ज 24 छात्राओं में से 24 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। अरुण गोस्वामी ने 81% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हायर सेकंडरी व्यवसायिक पाठ्यक्रम ब्यूटी एंड वैलनेस का परीक्षा परिणाम भी 100% रहा। कुल दर्ज 11 छात्राओं में से 11 छात्राएं उत्तीर्ण हुई।खुशनुमा मंसूरी ने 81% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी,उप प्राचार्य शान्तिलाल राठौर,बोर्ड परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया,रामलाल पाटोदिया,जीशान अली,श्रेष्ठा चौरसिया,ब्यूटी एंड वैलनेस व्यवसायिक प्रशिक्षक सोनम शेजवार, ममता पाटीदार,मंगलेश भाटी एवं प्रमोद शर्मा ने छात्राओं को स्वर्णिम सफलता पर बधाई दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## कमला सागर स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**नलखेड़ा।** स्थानीय कमला सागर हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 12वीं में जीव विज्ञान संकाय में अलशिफा खान ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर,गणित संकाय में प्रमोद जांगड़े ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय में आरती पाटीदार ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर एवं कृषि विज्ञान में 83 प्रतिशत प्राप्त कर करुण खजूरिया ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में कॉमर्स संकाय का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा जबकि कृषि संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं का स्कूल का परीक्षा परिणाम 85 प्रतिशत रहा। 10वीं में शानू राठौर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल के डायरेक्टर दिलीप तातेड एवं प्राचार्य चंद्रशेखर शर्मा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुवे उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्रों ने शिक्षकों के साथ मनाई खुशी

## बोर्ड परीक्षा परिणाम देख खिले छात्राओं के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाफल देखकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल गए। परीक्षा परिणाम आने पर अपने-अपने विद्यालय पहुंचे छात्र- छात्राओं ने शिक्षकों के साथ मिलकर खुशियां मनाईं। छात्रों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर रिजल्ट की बधाई दी साथ ही शिक्षकों ने भी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया और सफलता की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### शासकीय कन्या स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी

नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परिणाम नगर में सर्वश्रेष्ठ रहा। छात्राओं की मेहनत के अच्छे परिणाम से स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा छात्राओं को पुष्पमाला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर उन्हे बधाई दी। घोषित परिणाम में 12वीं में 26 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में बाजी मारी जिसमें तेहजीबा बी पिता समीउद्दीन ने विज्ञान संकाय में 87% अंक प्राप्त किये,राहेमीन बी पिता शहाबुद्दीन ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किये,संकाय कला में वृतिका माली पिता कांतिलाल ने 83% अंक प्राप्त किए, महक रैकवाल पिता मुकेश रैकवाल को 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरववित किया है इसी प्रकार कक्षा 10 वी में कुमारी पायल पिता मोड़सिंह ने 88% अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार एवं घर का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रमेश राठौर, राधा सोनी, वसुंधरा शर्मा, अरुण शर्मा, आनंद बैरागी और समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित था।



## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक पोस्टर दिखाकर कर रहे मतदाताओं को जागरूक




**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन के निर्देश दिये गये है।

इसी श्रंखला में गत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता एवं स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा बड़े बड़े पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वयं सेवकों द्वारा जिले के अनेक स्थानों पर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया और पोस्टर फ्लैश के माध्यम से मतदान करने के लाभ एवं उपयोगिता से अवगत करवाया। मतदाता जागरूकता की गतिविधि को जिले के सब्जी मंडी, पान चौराहा ,भोपाल नाका,और गांधी रोड पर की गई।


## मारवाड़ी महिलाओं ने बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



**सीहोर।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन के तत्वावधान में शहर के स्वदेश नगर में निकीता द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। इसके अलावा मंगलवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव होने के कारण हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया।

प्रोत्साहन के रूप में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के द्वारा कापी-पेन का वितरण किया गया। प्रमुख प्रकल्प उपाध्यक्ष मंजु अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि ने नाश्ते का वितरण किया। इस कार्य पर अध्यक्ष रजनी बाहेती, सचिव मंजू भरतीया आदि ने प्रशंसा की। मारवाड़ी महिला सम्मेलन की कार्यकारिणी में प्रेमलता रुठिया आदि उपस्थित थीं।

## भैरुंदा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाला चल समारोह





**भैरुंदा।** भेरूंदाप्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के केसरी नंदन ग्रुप एवं बजरंग दल,नगर वासियों के सहयोग से हनुमान जयंती के दिन संगीतमय चल समारोह ढोल नगाड़ों के साथ नगर ब्रह्मदेव पुलिया भोपाल रोड स्थित हनुमान मंदिर से चल समारोह प्रारंभ होकर नगर के बस स्टैंड होते हुए नीलकंठ रोड दाना बाबा चौराहा से जेपी मार्केट दुर्गा मंदिर चौराहा से होते हुए शनि मंदिर हनुमान मंदिर शास्त्री कॉलोनी होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पर हनुमान भक्तों के द्वारा भव्य महा आरती चल समारोह का समापन किया गया चल समारोह में शामिल हुए दिल्ली टीम द्वारा चलित महाबली हनुमान जी एवं वानर सेना रही, नगर के जय बजरंग अखाड़े द्वारा समारोह में दंड प्रहार एवं कलाकारों द्वारा अद्भुत एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

### श्री मारुति नंदन महायज्ञ और श्रीराम कथा का हुआ समापन

# भारत हिंदूराष्ट्र बने हर सनातनी का संकल्प: मोहितराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



हनुमान जयंती के पावन अवसर पर चल रहे श्री मारुति नंदन महायज्ञ एवं सप्त दिवस श्रीराम कथा की आज पूर्णाहुति के दौरान राष्ट्रीय संत कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक के श्रीमुख से हनुमान चरित्र को सुनाते हुए कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने सेवा भाव से श्रीराम भगवान की सेवा कर अपने राष्ट्र और माता सीता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

रावण जैसे शक्तिशाली शत्रु से भिड़ गए। एक क्षण भी यह नहीं सोचा की परिणाम क्या होगा। विजय को प्राप्त किया हम सबको भी सनातन धर्म भारत माता गौमाता हमारे शास्त्र के लिए संतों के लिए हर हिंदू सनातनी को अपना सर्वस्व निछावर कर देना चाहिए यही सनातन का सूत्र है। उक्त उद्गार ग्राम पचामा में धर्म रक्षक संत श्री श्री 108 पंडित दुर्गा प्रसाद जी कटारे बाबा के सानिध्य में चल रहे श्रीमारुति नंदन महायज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किया आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि भारत वासियों ने कभी भी किसी देश पर आक्रमण नहीं किया। पहले रावण ने सीता माता का हरण करा तब भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करी थी रावण को मारा पुणे धर्म की स्थापना करें हम भी संकल्प लेते हैं कि भारत को अपना हिंदू राष्ट्र बनाकर भारत में सभी धर्म उसकी सानिध्य में भारत माता को विश्व गुरु बनाएं यही श्रीराम कथा का सूत्र है भगवान राम ने सनातन धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए धर्म रक्षा के लिए सब कुछ छोड़ दिया।

मगर धर्म को नहीं छोड़ा हम सब भी धर्म की शरण ग्रहण कर मानक जीवन को प्रताड़ित करें आयोजन समिति ग्राम पचामा ने संपूर्ण क्षेत्र वासियों का श्रीराम कथा एवं यज्ञ में आने और सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

### राहुल की गेंदबाजी से रेलवे ने जेवियर को 116 रन से हराया

सीहोर। शहर के बीएसआई मैदान पर चल रही सीहोर विधायक अंडर-16 क्रिकेट ट्राफी के अंतिम चरण के पहले सेमीफाइनल में मंगलवार को रेलवे ने जेवियर को 116 से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। इस मैच में रेलवे की ओर से अराव यादव ने 67 रन, खुश राजपूत ने 61 रन, अभिनव विश्वकर्मा ने 54 रन की पारी खेली वहीं अपनी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए राहुल पंडित ने छह ओवर में मात्र 24 रन देकर चार विकेट हासिल किए।
मंगलवार की सुबह पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे टीम ने निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट खोकर 279 रन बनाए थे। इसमें साहिल सक्सेना ने 33 गेंद पर 13 रन, अराव यादव ने 44 गेंद पर 12 चौके और एक छक्के की मदद से 67 रन, अभिनव विश्वकर्मा ने 70 गेंद पर 54 रन बनाए।

## दि आक्सफोर्ड हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल



**सीहोर।** स्थानीय विद्यालय दि आक्सफोर्ड हाई स्कूल, इछावर का कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 8वीं में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंशा मेव ने प्रथम, 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रहनुमा बेग ने द्वितीय और 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हर्षित वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार कक्षा 5वीं में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गौरी मालवीय ने प्रथम, 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मुदित सेन ने द्वितीय और 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महक मेव तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय संचालक डॉ. बीना जे. कुरियन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बताया कि विद्यालय प्राचार्य संगीता मसीह, बच्चों व शिक्षकों ने परिश्रम किया।

**खबर संक्षेप**

## आयुक्त ने दिए पौधों में पानी देने के निर्देश

**देवास।** ग्रीष्मऋतु के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त रजनीश कसेरा ने सभी ग्रीन—री मे निरंतर पानी दिये जाने के निर्देश निगम उद्यान विभाग प्रभारी विजय जाधव को दिए। साथ ही यह भी कहा कि शहर मे स्थित गार्डनों मे भी ग्रीन—री हरी भरी रहे। गार्डनो मे भी 2 या 3 दिवस छोडकर पानी दिए जाने हेतु उद्यान प्रभारी को कहा। निगम उद्यान विभाग द्वारा एबी रोड स्थित स्पोर्टस पार्क के साथ एबी रोड मुख्य मार्गो पर लगी ग्रीन—री मे टेंकरो के माध्यम से पानी दिया जा रहा है। साथ ही आयुक्त के निर्देशानुसार सफाई पर फोकस करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चौक हुए चैम्बरों की सफाई की जा रही है। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को आगामी वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए शहर मे स्थित नालों एवं नालियों की सफाई के लिए नाला सफाई टीम गठित करने के निर्देश दिए ताकि समय पर वर्षाकाल के पूर्व शहर मे स्थित नाला नालियों की गाद निकाल कर सफाई कार्य किया जा सके जिससे वर्षाकाल मे जल जमाव की स्थिती उत्पन्न न हो।

## पुलिस व लायजनिंग अधिकारी नियुक्त

**देवास।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में देवास, खण्डवा और विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त केन्द्रीय सामान्य प्रेक्षक और देवास संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक के लिए पुलिस एवं लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किये गये है देवास संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक मोहन राज के लिए पुलिस अधिकारी राजील ठाकरे, लायजनिंग अधिकारी राजेन्द्र सक्सेना, विदिशा संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुरज कुमार के लिए पुलिस अधिकारी राजाराम,लायजनिंग अधिकारी राजेन्द्र सिंह रजावत आदि को नियुक्त किया।

### रैंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को कलेक्टर ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

# कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97% और कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा 96%

**विद्यालय में जीव विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत, गणित संकाय में 97.7 प्रतिशत, आर्ट में 96 प्रतिशत तथा वाणिज्य में 88.46 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कलेक्टर गुप्ता ने प्रदेश में रैंक प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को कलेक्टर कार्यालय में मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, डीपीसी प्रदीप जैन सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे। उत्कृष्ट विद्यालय की 10वीं की छात्रा जोबिया ने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल परीक्षा की दिव्यांग प्राविण्य सूची में पराग मेमोरियल कांवेन्ट स्कूल सतवास की छात्रा सानिया ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं में श्री विद्यासागर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खातेगांव की छात्रा भव्या राठी ने प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किया है। किंडर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवास की छात्रा तनीम बुशरा मंसुरी ने जीव विज्ञान संकाय में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट विद्यालय देवास की छात्रा अक्सा खान ने प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया। जी.एल.टी हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा शानू शर्मा ने जीव विज्ञान में प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। सीएम राइज शा. मॉडल स्कूल देवास ने सीएम राइज योजना के मिशन विजन मूल्य के मापदंडो पर खरा उतरते हुए कक्षा 10वीं तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपेक्षानुरूप प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र बंसल ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा।



विद्यालय में विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत, गणित संकाय में 97.7 प्रतिशत, आर्ट में 96 प्रतिशत तथा जीव वाणिज्य में 88.46 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। कक्षा 10वीं में कुल दर्ज़ 105 विद्यार्थियों में से 94 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि कक्षा 12 वी में दर्ज 133 विद्यार्थियों में से 115 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है. कक्षा 10वीं में इशिका यादव, यशस्वी सेठी, चेताली सिसोदिया, वंशिका प्रजापति,निखिल मावर, माही चौहान, जतिन परमार, वाणी मालवीय, मयंक, कोमल असवाल, सुनीता भालके, ईशान अग्रवाल तेजकरण परमार, यशपाल सिसोदिया आदि ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। कक्षा 12वीं में आर्ट्स में रीतेश यादव, प्रेरणा राय, यामिनी, गणित संकाय में अल्फिया शैख़, सलोनी मोदी तरुण पाटीदार, अभिषेक शिंदे, सोना सोलंकी, तथा जीवविज्ञान संकाय में रोशनी शेख मुस्कान खेरिया आदि ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। 55 विद्यार्थी 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शासन की लेपटॉप योजना के लिए पात्र है। उल्लेखनीय है कि एम राइज विद्यालय में कक्षा 1 से 12 वीं तक कक्षाएं संचालित होती है, यहाँ कक्षा 5 वी एवं कक्षा 8 वी दोनों बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी 100 प्रतिशत रहा है। विद्यालय की इस सफलता में बच्चों की मेहनत के साथ शिक्षकों का भी योगदान रहा है। सी एम राइज योजना की मंशानुसार गतिविधि आधारित शिक्षण के लिए शिक्षकों द्वारा सराहनीय कार्य किये गए। विद्यार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# राशि का गबन करने पर हुई एफआईआर

**सहायक संरक्षण भूमि अधिकारी ठाकुर और सहायक ग्रेड-3 शिवमराव सहित परिवार के दो सदस्यों पर एफआईआर दर्ज**




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता के आदेश पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी देवास नेहा कलचुरी ने भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय देवास में हुए संदिग्ध भुगतानों पर सहायक संरक्षण भूमि अधिकारी जगदीश ठाकुर, सहायक ग्रेड-3 शिवमराव पगरूतकर तथा शिवमराव पगरूतकर के परिवार के सदस्यों शर्मिला पगरूतकर, तरूणराव पगरूतकर के विरूद्ध थाना कोतवाली देवास में एफआईआर दर्ज कराई है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी देवास नेहा कलचुरी ने बताया कि सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय देवास में हुए संदिग्ध भुगतानों और अपने दायित्व के निर्वहन में लापरवाही बरतने तथा अपने कर्त्तव्यों के प्रतिकुल जाकर 01 करोड़ 77 लाख 93 हजार 142 रूपये विभिन्न खातों में हस्तांतरित कर राशि का गबन करने एवं मकान किराया भत्ते के रूप में 34 हजार 732 रूपये का अधिक भुगतान परिलिक्षित होने पर एफआईआर कराई है। सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी देवास में हुए संदिग्ध भुगतानों की जांच के लिए संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा उज्जैन द्वारा जांच समिति बनाई गई थी। जांच समिति में उप संचालक गणेश कुमार धाकड़, अतिरिक्त कोषालय अधिकारी सुरेन्द्र भाभर, स.अ.ले.पा.अ. सुशील चौहान, स.अ.ले.पा.अ. ईश्वर सिंह अंजाना, सहायक ग्रेड-3 संजीव रायकवार शामिल थे। जांच में अनियमित संदिग्ध आहरण आईएफएमएस साफ्टवेयर अुनसार सहायक संरक्षण भूमि अधिकारी (डीडीओ) जगदीश ठाकुर के लॉगिन से किया जाना परिलक्षित हुआ।

## गार्डन में मिला शव, पुलिस ने की जांच शुरू



**देवास।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाने के पास गार्डन में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। गुरुवार सुबह सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की।मृतक की शिनाख्त मोहन पिता मयाराम अहीरवार निवासी गंगानगर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक कल रात को अपने घर नहीं पहुंचा था। सुबह मौके पर लोगों की भीड़ लगी उसके बाद किसी ने परिजनों को सूचना दी उसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त की। मृतक मकानों में ठेकेदारी का कार्य करता था।प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस ने गार्डन के आसपास लोगों से पुछताछ की है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मृतक की मौत कैसे हुई।

# निगम आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विभागीय समयावधी पत्रो की समीक्षा आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा बुधवार को निगम बैठक हॉल मे बैठक आहूत कर की गई।

बैठक मे बिन्दुवार बीमा रोड निर्माण, वार्डो मे स्थित नाला नाली निर्माण, खुले चौम्बरों, अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की समीक्षा के साथ ही बीमा रोड निर्माण, बडा नाला निर्माण की गुणवत्ता को लेकर संबंधित इंजिनियर से जानकारी ली, खुले चौम्बरों की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही एवं निराकरण, अस्थाई अतिक्रमणों एवं गंदगी करने पर चालानी कार्यवाही के निर्देशों के साथ ही व्यवसाय हेतु नई दुकानों के व्यवसायकों को लायसेंस दिये जाने, बिना लायसेंस व्यवसाय करने पर व्यवसायकों पर चालानी कार्यवाही करने, शहर मे स्थित नलकूप, बौरवेल, ट्युबवेलों की जानकारी के साथ खुले नलकूपों, ट्युबवेलो मे ट्युबवेल केप लगाने के संबंध मे भी समीक्षा की गई। इसी प्रकार आयुक्त ने राजस्व वसुली को लेकर चर्चा की जिसमें औद्योगिक क्षेत्र से शत प्रतिशत वसुली के साथ बकायादारों से संपत्तिकर, जलकर की राशि की सख्ती से वसुली करने पर चर्चा की।

शहर मे आवारा स्वानो (कुत्तों) को पकडने की कार्यवाही करने के निर्देशों के साथ ही समयावधि मे किये जाने वाले कार्यो के दिये निर्देश का पालन प्रतिवेदन भी आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों से उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के माध्यम से दिये जाने हेतु कहा। आयुक्त ने समयावधी के पत्रों मे किये जाने वाले कार्यो, शिकायतों को समयावधी मे करने के सख्ती से निर्देश दिये। इसी प्रकार सफाई वयवस्था को लेकर निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी भूषण पवार, ओमप्रकाश पथरोड को सफाई व्यवस्था पर फोकस करते हुए दोनो समय वार्डो मे सतत मानिटरिंग करने के साथ सफाई कार्यो मे अनुपस्थित सफाई मित्रों के वेतन काटने के निर्देश भी दिये। मल्हार स्मृति गार्डन मे पुराने ओपन जिम जो खराब होने पर निकाल लिये गये हैं उनके स्थान पर नये ओपन जीम की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये। आयुक्त ने आगामी आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत मे संपत्तिकर व जलकर के बडे बकायादारों से शत प्रतिशत वसुली के निर्देश दिये साथ ही औद्योगिक क्षेत्रो एवं शहरी क्षेत्र से संपत्तिकर वसुली का लक्ष्य 3 करोड निर्धारित किया।

## पेंशन प्रकरण तैयार करने के संबंध में दिया प्रशिक्षण

**देवास।** शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अप्रैल, मई व जून 2024 में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को शासकीय ओद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सहायक पेंशन अधिकारी योगेश कुशवाह ने आईएफएमआई .एस. सॉफटवेयर पर ऑनलाइन पेंशन प्रकरण तैयार करने संबंध में प्रशिक्षण दिया। अधिकारी ने माह अप्रैल, मई एवं जून 2024 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों एवं कार्यालय के पेंशन शाखा प्रभारी को माड्यूल की समस्त गतिविधियों एवं आई .एफ .एम .आई .एस. पर पेंशन प्रकरण तैयार करने संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

# जांबाज सेना के जवान प्रजापत का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



जांबाज फौजी के रूप में 17 वर्ष की सेवा देने वाले विजय प्रजापत का सम्मान अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर परअभिभाषक प्रवीण चौधरी ने कहा की विजय प्रजापत अपने नाम के अनुरूप विजय के प्रतीक है। एक जांबाज फौजी के रूप में मातृभूमि की सेवा के लिए समर्पित थे। उन्होंने भारत माता की सेवा के लिए 17 वर्ष दिए। ऐसे जांबाज फौजी विजय के कारण हमारा भारत हमेशा विजयपथ पर अग्रसर रहेगा ।

इस अवसर पर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार ने विजय प्रजापत के माता-पिता भेरूलाल प्रजापत एवं कांताबाई प्रजापत का सम्मान करते हुए कहा कि जांबाज फौजी विजय के माता-पिता अभिनंदन के योग्य है जिन्होंने अपने एकमात्र पुत्र को घर की जिम्मेदारी से मुक्त कर फौजी के रूप में देश की सेवा के लिए सीमा पर भेजा। इसके पूर्व बागली नगर में शोभायात्रा निकालकर विजय प्रजापत का जोशीला स्वागतआतिशबाजी के साथ किया। फौजी विजय का भोमिया जी से लेकर पूरे बागली नगर में 50 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया। भारत माता के जयकारों के साथ जुलूस निकाला गया।विजय प्रजापत लेह लद्दाख से लेकर जैसलमेर, जालंधर, भटिंडा सिकंदराबाद, भोपाल आदि स्थान पर पदस्थ रहे। इस अवसर पर फौजी जय गोस्वामी का भी सम्मान किया गया। विजय प्रजापत ने अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में कहा किभारतवर्ष युवाओं का देश हैराष्ट्र धर्म सबसे बड़ा धर्म हैदेश भक्ति का जज्बा सबसे बड़ा जज्बा है। इस जज्बे का जुनून होना चाहिए।

### विश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला

# राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किया जागरूक






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किया जागरूकविश्व मलेरिया दिवस पर आयोजित हुई कार्यशालादेवास। विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के आरंभ में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि दुबे ने कहा कि देश में मलेरिया उन्मूलन सन 2030 तक किया जाना है। इसके लिए देवास जिला अग्रणी है। विगत 8 वर्षो के मेरे कार्यकाल में मलेरिया विभाग ने जिले में उत्तरोत्तर प्रगति की है। इससे पहले मलेरिया विभाग उपेक्षित रहा है।

डॉ. रश्मि दुबे ने बरोठा टीम की लारवा सर्वे, फीवर सर्वे, तथा ब्लड स्लाइड कलेक्शन में उल्लेखनीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यशाला में बरोठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सीबीएमओ डॉ. मेघा पटेल, उप प्राचार्य, निहारिका श्रीवास्तव, बीपीएम सुषमा राणावत, बीसीएम सुनीता सोलंकी तथा डबल्यु एचओ मॉनिटर राजेंद्र भारम्बे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला में आरडी किट से रक्त की जांच करने डिमांस्ट्रेशन कर समझाया गया तथा डिक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से मलेरिया, डेंगू की रोकथाम की जानकारी दी।

कार्यशाला में अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया। सम्मानित होने वालो में मुख्य रूप से सेक्टर क्षिप्रा के पर्यवेक्षक डॉ.इकबाल मोदी, योगेंद्र सिंह चंदेल, जगदीश चौधरी, बरोठा, अकील शेख, डबल चौकी, डॉ.तरुणकुमार पाठक,नीलिमा परमार लोहार पिपलिया, प्रतिभा सिसोदिया, पटलावड़ा, विष्णु चौधरी, मिश्रीलाल वर्मा, निशा नायकर, भानगढ़, डॉ.कैलाश कारपेंटर, उपड़ी, हिमांशी सिंह, राजोदा, प्रखर बहाड़, राधेश्याम अगीरवाल, बांगरडा, अलका टोप्पो, डॉ.अकरम पठान , मोहन एरवाल ,वीरेंद्र पंवार , बांगर,पवित्रा चौहान, रमेश मालवीय , राजेश शर्मा, सुरेश पटेल,चंद्रा जाटव, नीलम बंसल, उषा पांचाल, राजाराम मालवीय, धरम दास देवड़ा, अंतर सिंह गुजराती, इत्यादि शामिल हुए। संचालन लेब तकनीशियन रवींद्र चंद्रावत ने किया तथा आभार मलेरिया निरीक्षक मोहन एरवाल ने माना। अंत में रैली निकालकर वेक्टर जनित रोगो से रोकथाम की जानकारी दी।

# चुनावी समय में पंचायत सचिवों का वित्तीय अधिकार किया समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ग्राम पंचायतो में शासन की राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करने के मामले नहीं थम रहे हैं, शिकायतों के बाद ही जांच कराई जाती है। भ्रष्टाचार करने वाले सचिवों पर वसूली भी निकलती है, लेकिन समय सीमा में उनके द्वारा वसूली की राशि जमा नहीं की जाती है। इसी के चलते मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी जिला पंचायत कार्यालय देवास द्वारा पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत जनपद पंचायत बागली के चार पंचायत सचिवों के वित्तीय अधिकार समाप्त किए गए हैं।जानकारी के अनुसार वर्तमान पदस्थापना ग्राम पंचायत धावड़िया सचिव गोविंद मोहरी, ग्राम पंचायत आमलाताज सचिव अनिल मेघवाल, ग्राम पंचायत जटाशंकर सचिव संतोष सोलंकी, ग्राम पंचायत अमरपुरा व अतिरिक्त प्रभार फांगटी सचिव दिनेश तंवर, कमलापुर सचिव ओमप्रकाश सारण के वित्तीय अधिकार समाप्त कर दिए गए हैं। इन सचिवों द्वारा पुर्व में ग्राम पंचायतों में पदस्थ रहते हुए निर्माण कार्य के नाम पर राशि निकाल कर शासन की राशि का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसके प्रकरण जिला पंचायत न्यायालय में चल रहे हैं। इस दौरान वसूली की राशि जमा करने के आदेश जारी किए गए थे। राशि जमा नहीं करने पर कार्रवाई की गई है। हालांकि वित्तीय अधिकार समाप्त होने के बावजूद पंचायत के अन्य सभी कार्य करना होंगे। हालांकि जनपद पंचायत बागली अंतर्गत लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे में चुनावी व्यवस्था में राशि खर्च होती है। इस परिस्थिति में चुनाव संपन्न कर संपूर्ण व्यवस्था कैसे हो पाती है यह देखना होगा।

**खबर संक्षेप**

## बोर्ड परीक्षा में छात्र छात्राओं ने मारी बाजी



**सीहोर।** बोर्ड परीक्षा परिणाम में सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर ने बाजी मारी। कक्षा 10 का परिणाम 94.6 तथा 60% छात्र-छात्राओं में प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की कक्षा 12वीं का परिणाम 100% रहा कुल 94 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। सभी छात्र छात्राओं को संस्था प्राचार्य दीपसिंह राठौर और समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

## बस स्टैंड पर प्याऊ का किया गया शुभारंभ



**आष्टा।** शहर के बस स्टैंड पर बुधवार को गर्मी को देखते हुए लोगों की सुविधा के लिए प्याऊ का शुभारंभ किया गया।बस स्टैंड के पास पुलिस चौकी के पास लगाया गया है प्याऊ आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड की तरफ से लगाया गया है। आष्टा प्रेस क्लब रजिस्टर्ड के अध्यक्ष बाबू पांचाल ने बताया की अप्रैल माह शुरू होते ही गर्मी शुरू हो गई है। यात्री इधर-उधर भटकते थे इसी को देखते हुए आष्टा प्रेस क्लब टीम ने प्याऊ खुलवाया।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे नगर की साफ-सफाई पर ध्यान

# वार्डों में गंदगी का आलम: नगर में नालियां चौक, जगह-जगह लगे हैं कचरे के ढेर

**स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक करने वाले जिम्मेदार ही लापरवाह हो रहे है। ऐसे में नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान कभी भी नजर नहीं आ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर की बजरंग कॉलोनी, पीएम आवास कॉलोनी सहित कई वार्डों में नियमित साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी का आलम है। बजरंग कॉलोनी सोनी लाज के पीछे कई दिनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है, जिससे यहां पर नालियां चौक हो गई हैं। स्थानीय नागरिक रामकिशन मालवीय और कैलाश अजनोतिया ने बताया है कि कई दिनों से नालियों की साफ सफाई नहीं हुई है। कचरे का ढेर लगा है। प्रमुख नाला भी चौक है।

### कन्नौद मार्ग का नाला भी चौक


नगर के कन्नौद मार्ग के दोनों और के नाले भी चौंक हैं। इनमें कचरा और मलबा भरा है। कॉलोनी चौराहा से भोपाल नाला तक मार्ग के दोनों और के नाले में मलबा भरा पड़ा है। स्थानीय नागरिकों ने नालों की सफाई की मांग की है। ऐसा ही कुछ हाल पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग के पुराना बस स्टैंड से लेकर दरगाह तक हाईवे के दोनों बने नाले चौक हैं। कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं। करीब 4 वर्ष पहले शासन ने दरगाह के पास पीएम आवास कॉलोनी बनाई थी। फिलहाल यहां पर 300 से अधिक लोग रह रहे हैं। लेकिन 4 साल बाद भी यहां पर सफाई कर्मी नियुक्त नहीं हो सके। नालिया चौक हैं। कॉलोनी में कचरा वाहन भी नहीं आता है, जिससे लोग परेशान हैं।

### पार्षद बोले नियमित साफ सफाई होती है

इस संबंध में वार्ड 16 के पार्षद रवि शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आपको जो छापना है, छाप लो बजरंग कॉलोनी में नियमित साफ-सफाई होती है। साथ ही जब पीएम आवास कॉलोनी की समस्या बताई गई तो कहा कि यहां मेरे वार्ड में नहीं आता है।

### सीएमओ बोले अभियान चलाया जाएगा

सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया है कि जानकारी मिली है बारिश से पहले पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया जाएगा।



जहां भी नाले और नालीया चौक है साफ किया जाएगा।पीएम आवास कॉलोनी वार्ड 16 में ही है।

# चैत्र माह पर्वों का पिंड है मुनि सागर महाराज

### पर्यूषण महापर्व का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अपने भारत देश में पर्वों का विशेष महत्व है। यहां की भूमि बहुत ही पावन है।अनेक महापुरुषों ने इस देश की भूमि और विभिन्न प्रांतो में जन्म लिया। चैत्र माह के दसलक्षण पर्यूषण महापर्व का समापन भी होगा। हनुमान ने सत्य का साथ देते हुए सीता के अपहरण होने पर रावण से विमुख होकर श्री राम का साथ दिया था।

उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री के प्रवचन की जानकारी देते हुए समाज के नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनि सागर महाराज ने कहा चैत्र माह पर्वों का पिंड है, मौसम में भी परिवर्तन होता है।चैत्र का अंतिम दिवस 23 अप्रैल अमावस्या को था। पर्यूषण पर्व की समाप्ति पर आप सभी क्षमा वाणी का पर्व भी मनाते है। भगवान को नहीं भक्तों को मनाने का पर्व है। आज उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस है। ब्रह्मचर्य को अपनाएं, हमारा तन है, कंचन भी है। वैवाहिक जीवन मौज मस्ती का नहीं उत्तम ब्रह्मचर्य व्रत को पालन करने का है। मुनिश्री ने कहा महाभारत कंचन और रामायण कामिनी है। हनुमान जयंती मनाते है, हनुमान बाल ब्रह्मचारी थे। सीता का हरण रावण ने किया। आज हर जगह गांव - गांव में हनुमान व राम का मंदिर मिल जाएगा, लेकिन रावण का मंदिर नहीं मिलेगा। कोई भी व्यक्ति अपने बच्चे का नाम रावण नहीं रखते, इसलिए रावण जैसे नहीं बने। गृहस्थ आश्रम पवित्र और पावन है, इसे पावन बनाएं। किसी के मन को चोट पहुंचाई है तो उनसे क्षमा पहले मांगें, लोग उन लोगों से क्षमा मांगते हैं ,जिनसे कोई वाद -विवाद नहीं है। भीषण गर्मी के पश्चात चैत्र मास का पर्यूषण महापर्व मनाया,इसे हमेशा मनाएं।

# राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी अल्प समय के लिए आष्टा जनपद इलाके की ग्राम पंचायत लसुड़िया खास में रुकी। इस दौरान राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी का भव्य स्वागत सम्मान किया गया!इस मौके पर ग्राम पंचायत लसुड़िया खास सरपंच सुगन-नरबत सिंह, सरपंच गोकुल प्रसाद मेवाड़, द्वारका प्रसाद वर्मा, कमल सिंह भारती, धर्मेंद्र ठाकुर सरपंच, किशोर सिंह सरपंच, सुरेश कुमार, विजेन्द्र पटेल, शिवपाल सिंह राजपूत, मोहन सिंह उप सरपंच, अंकित मेवाड़, गोरी शंकर , दिनेश कुमार, इमारत लाल सहित कई ग्रामीण जन मोजूद रहें।

## मतदाताओं को मानव श्रंखला बनाकर किया मतदान करने किया जागरूक

**श्यामपुर।** ग्राम पंचायत श्यामपुर में पंचायत की बीएजी टीम व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत श्यामपुर व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया। रैली में ग्राम पंचायत स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षक, शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



## तसमिया सिद्धीकी ने 12वीं, आयुष जाटव ने 10वीं में लहराया मार्टिनेट स्कूल का परचम



**आष्टा।** माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा जैसे ही आज शाम 4 बजे हाईस्कूल एवं हॉयर सैकेण्ड्री के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों मे उत्साह नजर आया इसी क्रम मे नगर के विद्यालय मार्टिनेट कान्वेन्ट हॉयर सैकेण्ड्री स्कूल अलीपुर आष्टा के विद्यार्थी आयुष जाटव पिता दयाराम जाटव ने हाईस्कूल परीक्षा में 95.4% प्राप्त कर जिला मेरिट मे तृतीय स्थान एवं कक्षा 12वीं की छात्रा तसमिया सिद्धीकी पिता कसीर अहमद ने जिला मेरिट की कामर्स संकाय मे 92.8% प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया विद्यार्थियों की इस उपलब्धी पर विद्यालय के संचालक नोशे खान एवं प्राचार्य विनीत कुमार त्रिवेदी एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई प्रेषित की।

## इंजीनियर अंशुल सोनी पांचम बने इंजीनियर काउंसिल के प्रेसिडेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अभियांत्रिक संघ के अध्यक्ष का चुनाव जनरल मीटिंग के माध्यम से सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से इंजी. अंशुल पांचम को निर्विरोध अध्यक्ष मनोनित किया गया। मीटिंग में काउंसिल के संरक्षकगण इंजी. आर. के. जैन, इंजी. विकास धारवां, इंजी. गोपाल उज्जैनिया, संस्थापक अध्यक्ष इंजी. प्रशाल जैन प्रगति, इंजी.आकाश परमार, इंजी. सनी तुतलानी, इंजी. राहुल विश्वकर्मा, इंजी. राजेन्द्र विश्वकर्मा, इंजी. पियुष जैन, इंजी. सुनिल पाटीदार, इंजी. आदर्श सुराणा, इंजी.जगमोहन साहू, इंजी. शुभम जैन, इंजी. प्रदीप परमार आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष बनने पर इंजी. प्रशाल प्रगति सहित पूरी काउंसिंल ने अंशुल सोनी को पुष्प माला पहनाकर बधाई प्रेषित की साथ ही न.पा. आष्टा के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कैलाश परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागोरी, न.पा. अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता उमेश शर्मा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने अंशुल पांचम को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाये प्रेषित की।

## समोशरण का विधान कर चौबीसी का किया बुलावा



**आष्टा।** काली घटा घनघोर, पहली आवाज मैंने ऐसी सुनी गर्भ में आए भगवान, उड़ती पूरवय्या संदेशों म्हारों लेते जा....गोल -गोल मटकी चिकनी चपटी इसमें भरें है पांचों पाप .... उक्त भजनों व गीतों पर श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज की जय जिनेंद्र महिला मंडल ने भगवान के दरबार में जमकर संगीतमय भक्ति की। जय जिनेंद्र महिला मंडल गंज की श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल एवं अंजू राजेश जैन ने चंद्र प्रभु मंदिर गंज में सुबह समोशरण विधान कर अर्ध्य अर्पित किए। रात्रि में भगवान के सामने सभी महिलाओं ने जमकर धार्मिक भजन एवं गीतों को गाकर धर्म आराधना की। चैत्र माह के दसलक्षण पर्यूषण महापर्व के समापन पर श्रद्धा गंगवाल एवं अंजू जैन ने समोशरण विधान करने के पश्चात चौबीसी बुलावा कर सभी उपस्थित महिलाओं को प्रभावना भी वितरित की।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी रहे प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा






नगर के सेमनरी रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 5वीं की छात्रा आरवी परमार 86.7:, अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही अनाबिया खान 85.5:, अंक प्राप्त कर दितीय एवं हरिओम सोलंकी 85.2:, अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तहमीना अली 81.7:, मानसी परमार 80.7:, महीमा परमार 80.2:, हिमान्षु श्रीवास्तव 79.2:, आदिष जैन 78.7:, कृष्णा वर्मा 78.2:, प्रियांशु परमार 78:, कुणाल परमार 75.7:, अंशिका वर्मा 75.5:, दिव्यांश 75.5:, कार्तिक मितवाल 75.5:, नव्या कुषवाहा 75.5:, रिषिका परमार 75.5:, दक्ष वर्मा 75:, विरेन्द्र कुषवाहा 74.5:, गौरव परमार 74:, मंगल सिंह परमार 74:, कार्तिक मालवीय 73.7:, अनवी विश्वकर्मा 73.5:, कोशल द्रविड 73.5:, राघवेन्द्र परमार 73:, रिषिका परमार 72.4:, रिषि कुशवाहा 72:, अनामिका मेवाड़ा 71.7:, अर्षी जहिरी 71.2:, षिवम जोशी 70.7:, अनुज वर्मा 70.5:, इषिका परमार 69.7:, अक्षय परमार 69.2:, भूमिका सेन 69:, अनमोल सिंह 66.7:, लव परमार 66:, अदनान खान 65.7:, कार्तिक वर्मा 65.7:, समर ठाकुर 65.7:, मो. हुमेद मेवाती 65.5:, रितेष रेकवाल 65.5:, अश परमार 65.2:, राजवीर मितवाल 64.5:, कशिष मितवाल 64:, समर मेवाड़ा 63.5:, तनमय विश्वकर्मा 63.2:, मयुर मुकाती 62.2:, अभय वर्मा 61.2:, यशराज पटेल 61.2:, हर्ष परमार 60:, अंक प्राप्त कर 51 विद्यार्थियो मे से 49 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 8वीं की छात्रा मधु धनवाल 87.6:, अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, आरूषि परमार 85.3:, अंक प्राप्त कर दितीय एवं ईरम मेवाती 81.1:, अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तथा मो. शारीक 81.1:, किंजल परमार 81:, अंश कुशवाहा 80.6:, अनुष्का विश्वकर्मा 80.5:, मेघा परमार 80.5:, कोमल मालवीय 79.3:, वैष्णवी परमार 79:, षदाब खान 78.5:, कनिष्का श्रीवास्तव 77.6:, अंषुमन पटेल 76.8:, इल्मा खान 76.6:, अनुज ठाकुर 76.5:, दिव्या मालवीय 75.8:, प्रियंका ठाकुर 75.8:, सलोनी मेवाड़ा 75.8:, नन्दनी कुषवाहा 75.3:, नीतू ठाकुर 75.1:, नैतिक परमार 74.8:, पूनम मालवीय 74.8:, रिषिराज ठाकुर 74.8:, हिरदेष सेन 74.5:, जतिन परमार 74.3:, अहम वर्मा 73.3:, अनमोल सिंह 73.3:, नरेन्द्र वर्मा 73:, आदित्य पटेल 72.3:, नैतिक परमार 72.3:, मो. हसन उर्रहमान 72.1:, रितिक कुषवाहा 72.1:, सुफियान खान 72:, आदित्य ठाकुर 71.5:, आर्यन चौहान 71.5:, कान्हा कुषवाहा 71.5:, दर्ष जैन 71:, नैतिक ठाकुर 71:, रंजना रैकवाल 71:, अलबक्स खान 70.5:, अनन्त वर्मा 70.5:, सुरैन्द्र मुकाति 70.3:, अजमी उद्दीन 70.1:, षीतल मेवाड़ा 69.8:, मानव वर्मा 69.5:, जकी उद्दीन 69.5:, कनिष्का विष्वकर्मा 68.6:, मो. आषिफ खान 67.3:, रोहित प्रहलाथिया 66.5:, हर्षित ठाकुर 63:, अंक प्राप्त कर 50 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्था के मार्गदशक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य अमित यादव, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, तेजराज मेवाड़ा, संदीप जोशी, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, पंकज ठाकुर, राजपाल साहू, अनीता परमार, निर्मला सारसिया, कविता ठाकुर, करिष्मा चौपड़ा, अंजली चौरसिया, अंजु नावड़े, रचना ठाकुर, स्मिता ठाकुर, नीता सक्सेना, हेमलता पाटीदार, मौसमी बक्सी, श्वेतान्षु ठाकुर, इशा जैन, इतिका चौहान आदि ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर सभी को बधाई दी।

## शीतला माता मंदिर पहाड़ी पर विश्व कल्याणार्थ नवचंडी महायज्ञ का आयोजन

# कजलास में मेले का आयोजन, भंडारे में शामिल हुए ग्रामीण






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्राचीन सिद्धपीठ मां शीतला माता मंदिर पहाड़ी कजलास में आयोजित विश्व कल्याणार्थ नवचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति एवम प्रवचन सत्संगकर्ता अंजली देवी आर्य के मुखारविंद से सप्त दिवस राम कथा का हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल के शुभ दिन पर सप्तगांव की समिति द्वारा संचालित विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। आयोजित हुए कार्यक्रम में पधारे विशेष अतिथि क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर , मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर एवम वरिष्ठगण उपस्थित रहें। सेठ स्व बाबूलाल पाटीदार की 10वी पुण्य तिथी पर सेठ बाबूलाल पेट्रोल पंप व मां सावत्रा वेयरहाउस कजलास के संस्थापक जीवन सिंह पाटीदार पुत्र केशव पाटीदार द्वारा सप्त गांव की जनता को माता शीतला मंदिर प्रांगण में भंडारा प्रसादी करवाई पिताजी जीवन पर्यन्त गौरवशाली पुण्य कार्यों व आपकी संघर्षमय जीवनशैली के फलस्वरूप ही आज आपका परिवार इस मंजिल पर पहुंच पाया है।

# सीएम राइज स्कूल में हुआ हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सीएम राइज स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नोडल शिक्षक प्रीति विजयवर्गीय ने बताया कि डॉ. तहसीम फातिमा और डॉ. अमीन खान ने विद्यालय में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान कर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य मुनेद्र सिंह तोमर, धर्मेंद्र खत्री आदि उपस्थित थे।

## जिले के तीन बच्चों ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

# 10वीं में 58.55 और 12वीं में 62.41 प्रतिशत रहा बोर्ड परीक्षा का परिणाम

**पिछले साल की तुलना में बोर्ड रिजल्ट सुधरा, अभी भी प्रदेश रैंकिंग में 10 में 23 वें तो 12वीं में 33 वें नंबर पर रहा जिला**

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

बुधवार को माध्यमिक षिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। जिले में इस बार भी छात्राओं ने बाजी मारी। जिले के 12वीं बोर्ड के परीक्षा परीणामों में 66.13 प्रतिषत छात्राएं उत्तीर्ण हुई वहीं छात्रों को 58.77 से ही संतोष करना पड़ा इस तरह 12वी का कुल परीक्षा परिणाम 62.41 प्रतिषत रहा। इसकी तुलना यदि प्रदेष स्तर पर की जाए तो राजगढ 33 वे नंबर पर है वहीं 10वीं में भी बाजी मारते हुए 60.96 प्रतिषत छात्राएं उत्तीर्ण हुई एवं 56.25 प्रतिषत छात्र इस प्रकार जिले का 10वी बोर्ड का परीक्षा परिणाम 58.55 प्रतिषत रहा। हालांकि अन्य जिलों की तुलना की जाए तो इस बात से संतोष किया जा सकता है कि 2023 के परीक्षा परिणामों से तुलना की जाएं तो इस बार का परीक्षा परिणाम बेहतर कहा जा सकता है।





### प्रथम श्रेणी में भी छात्राएं आगे

10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुल 8854 छात्र एवं 8411 छात्राओं का पंजीयन हुआ था जिसमें 3307 छात्र एवं 3910 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी अर्जित की। वहीं 12वीं में कुल 6130 छात्रों का एवं 6002 छात्राओं का पंजीयन हुआ था जिसमें 2555 छात्र की तुलना में 3130 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर स्कूल व जिले का नाम रोषन किया है।

### प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले के 3 टॉपर

जिला शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह रघुवंषी ने बताया कि 12 में ज्योति प्रजापति गणित संकाय बोडा ने प्रदेष प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है वहीं जय जाट विवेकानंद ऐकेडमी ब्यावरा ने भी 12 की प्रदेष प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया है। 10वीं कक्षा से अर्जुन गुर्जर मानस हायर सेकेण्ड्री स्कूल ने प्रदेष सूची में अपना 10वां स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है।

### जिले में भी टॉपर रही छात्राएं

बोर्ड परीक्षा परिणामों के बाद जिले में भी टॉप करने वालों की लम्बी सूची है जिनमें छात्राओं ने बाजी मारी है । 10वी में ब्यावरा मानस हायर सेकेण्ड्री की प्रिया यादव ने 95.60 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं 12वीं में लक्ष्य षर्मा ने द्धितीय एवं छात्रा मुस्कान जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।वहीं मानस के ही कला संकाय से विनीता षर्मा एवं संदीप लववंषी ने प्रथम एवं द्धितीय स्थान पाया है।

## ग्रुप शाला में एचएम को छोड़ सभी नदारद

# कन्या शाला निरीक्षण करने पहुंचे बीईओ को स्कूल में जड़ा मिला ताला

हरिभूमि न्यूज सारंगपुर

नगर का शिक्षा का हाल भगवान भरोसे ही चलता दिखाई दे रहा। शासन के 10 बजकर 30 बजे से 4बजकर30 तक स्कूल खोलने के सख्त निर्देश होने के बावजूद शिक्षक विद्यालय नही पहुंच रहे। सवाल यह है की जब स्कूलों में शिक्षक ही नही रहेंगे तो यहां पढ़ने वाले बच्चें कैसे दिखाई देंगे। यहां की हालात यह है की शिक्षा व्यवस्था काफी लाचार हालत में है। बुधवार को विकासखंड के कई स्कूलों में शिक्षकों की लापरवाही सामने आई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल सूर्यवंशी दोपहर 3.30 बजे लगभग कन्याशाला स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे तो स्कूल का गेट बंद था, ताला लटक रहा था। यहां पदस्थ शिक्षक शिक्षिका नदारद थे। जब बीईओ ने वह मौजूदा लोगों से पूछा तो पता चला कि सर मैडम का यह रोज का रवैया है।




### समय पर नहीं खुलते स्कूल

सूत्रों की माने तो शाम 4 रू 30 बजे तक कभी भी स्कूल नहीं खुलते। कई स्कूल की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। निरक्षण करने पहुंचे बीईओ को देखने में आया की शहर के ग्रुपशाला स्कूल में 4 बजे महज एचएम को छोड़ सभी शिक्षक शिक्षका दोपहर में ही जा चुके थे। वही नजीमाबाद स्कूल के उपस्थिति रजिस्टर पर एचएम के हस्ताक्षर तो थे लेकिन वह मौजूद नही पाए गए, साथ ही 3 शिक्षका एप्लीकेशन रख कर छुट्टी पर गए। बता दे की लोकसभा निर्वाचन के चलते शासन ने सभी शासकीय कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा रखी है, बावजूद कई शिक्षक शिक्षिकाए अपनी मनमानी दिखाने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं।

### नोटिस देंगे

आज निरीक्षण में कन्याशाला स्कूल में ताला लगा पाया गया था, साथ ही ग्रुपशाला स्कूल में भी एचएम को छोड़ सभी नदारद थे, में सभी नदारद शिक्षक शिक्षकाओं को नोटिस जारी करूंगा। रही बात नजीमाबाद की तो वहा का कुछ स्टाफ छुट्टी पर था।

# रायल हाइट्स हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा ने जिले में द्वितीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज जीरापुर




नगर कि अशासकीय संस्था रॉयल हाइट्स हायर सेकेंडरी स्कूल कि छात्रा ने बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में जिले में द्वितीय स्थान पाया। जहां छात्रा ने दसवीं में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट रही।छात्रा वर्षा कारपेंटर समीपवर्ती ग्राम कोडक्या की रहने वाली है। पिता प्रकाश चंद्र कारपेंटर शिक्षक है। रॉयल स्कूल द्वारा लगातार जिले एवं प्रदेश में अपना स्थान पाया है कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं में विद्यार्थी जिले में अपना स्थान पार्टी आ रहे हैं विद्यालय संचालक रणधीर सिंह चैहान एवं यशवर्धन सिंह चैहान सहित पूरे स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भक्ति भाव से मनाई हनुमान जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज माचलपुर

माचलपुर नगर में चाठा कुंडी बालाजी मंदिर काफी लंबे समय से श्रद्धालुओं का आस्थावान मंदिर है। वहीं इमली वाले बाला जी मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की काफी आस्था है। हनुमान जयंती पर यहां भव्य आयोजन किया जाता है। इस बार मंगलवार को हनुमान जयंती आने से लोगों ने विशेष रूप से आयोजन को भव्यता दी गई।

नगर के दोनों हनुमान मंदिरों पर बालाजी का मनमोहक श्रृंगार किया गया। दिन भर श्रद्धालुओं द्वारा पूजा पाठ किया गया। वहीं पुरानी बस स्टेंड पर स्थित बालाजी चटाकुंडी बालाजी इमली वाले बालाजी मंदिर पर नवरात्रि पर्व से चल रहे पारायण पाठ का हवन यज्ञ के साथ समापन किया गया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में इमली वाले बाला जी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के



प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनरू बालाजी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गई। पुरानी बस स्टेंड बाला जी मंदिर पर पारायण पाठ के समापन अवसर पर बालाजी को छप्पन भोग लगाया गया वहीं इमली वाले बाला जी मंदिर पर शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया गया।

## शराब ठेकेदार ने हाइवे के ढाबों पर खोल रखे हैं कई अवैध ठेके, ग्रामीण- बोले एक्सपायरी डेट की बेच रहे शराब

# मऊ,पड़ाना में नियमों की उड़ रही धज्जियां देर रात तक ठेकों पर बिकती है शराब

हरिभूमि न्यूज सारंगपुर

इन दिनों सारंगपुर से लगे मऊ,पड़ाना, पाडल्या, भैंसवा माता, असारेटा क्षेत्र में मौजूदा शराब ठेकेदार की मनमानी आबकारी विभाग पर भारी दिखाई दे रही। यहां संचालित शराब दुकान ठेकेदार को शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते देखा जा सकता है। राज्य सरकार की और से शराब दुकान को रात 11रू00 बजे बाद बंद व शराब का बिना प्रचार प्रसार किए बिना बिक्री करने के आदेशों के बवजूद राष्ट्रीय राजमार्ग मऊ सहित कस्बों व गांवों में ठेकेदार बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### जिम्मेदारों व आबकारी की है सांठगांठ

आबकारी अधिकारियों की सांठगांठ के चलते हाइवे पर शराब के ठेकों का प्रचार प्रचार करने के लिए बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर शराब की बिक्री की जा रही है। लोगों द्वारा सरकार की रोक के बावजूद देर रात्रि तक अवैध रूप से चलने वाले शराब के ठेकों पर हो रही बिक्री के बारे में आबकारी विभाग के अधिकारी को चेताते भी रहे हैं इसके बावजूद विभाग के अधिकारियों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लोगों ने बताया कि अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर सरकार ने रात 11रू00 बजे बाद शराब के ठेकों को बंद कर किसी भी प्रकार से शराब की बिक्री नहीं करने के आदेश जारी कर रखे हैं उसके बावजूद जिम्मेदारों एवं आबकारी अधिकारियों की सांठगांठ के चलते अवैध रुप से संचालित ठेको पर अवैध रूप से दुकानों पर शराब का गोरखधंधा जोरों से चल रहा है।

### रहवासी क्षेत्र में दुकान, बच्चों पर पड़ रहा असर

पड़ाना में रहवासी क्षेत्र में संचालित शराब दुकान का सबसे ज्यादा प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों पर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि आबकारी विभाग और पुलिस के तमाम दावों के बावजूद स्थिति शराब के ठेकों पर रातभर शराब बेची जा रही है। इसके अलावा गांव में भी आपको पीने के लिए पानी मिले या ना मिले पर शराब किसी भी




वक्त मिल जाएगी।

### आसारेटा में एक्सपायरी डेट की बिक रही शराब

ज्ञात हो कि आसारेटा में हाल ही में शराब ठेकेदार द्वारा बोटल पर एक्सपायर हो चुकी शराब का विक्रय किया जा रहा, जिसका ग्रामीण द्वारा वीडियो बनाकर वायरल कर शराब ठेकेदार पर कार्रवाई करने की बात कही। ग्रामीणों का आरोप है की शराब दुकानदार शराब क्वाटर में से भी शराब की कटिंग कर रहे है। बावजूद इस और किसी भी विभागीय अधिकारी का ध्यान नही है।

### जांच करेंगे

ग्रामीण क्षेत्र में संचालित शराब ठेकेदार अगर नियमों का उलंघन कर रहा है तो में दिखवा लेता हूं। अगर कही शराब में गड़बड़ी की जा रही है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे।

**सौरभ कनासे, सर्कल स्पेक्टर आबकारी विभाग सारंगपुर,**

# मतदान हमारा अधिकार लोकतंत्र को मजबूत बनाता निष्पक्षिता का स्वरूप कहलाता



हरिभूमि न्यूज खुजनेर

मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि अन्तर्गत आज नगर परिषद सभाकक्ष में वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान कर उन्हे सुगम सार्थक मतदान के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा जानकारी प्रदान की गई नगर परिषद सभाकक्ष में आयोजित समारोह में मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमेश शर्मा द्वारा सभी वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा बताया गया कि आपको बिना लाइन में लगे तथा बिना किसी परेशानी के मतदान कराया जाएगा मतदान केंद्रों पर बैठक पेयजल गर्मी से बचाव व्हील चेयर आदि की सुविधाएं सार्थक रूप से उपलब्ध होगी जिससे दिव्यांग तथा वृद्ध मतदाताओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े तथा सभी से अनुरोध किया कि मतदान अवश्य करें इस अवसर पर समस्त बीएलओ सहित नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

# निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में 26 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**लखनवास।** पाडली गुसाईं तहसील सुठालिया जिला राजगढ मध्यप्रदेश में संपन्न हुआ जिसमें 26 जोडे परिणय सूत्र में बधे सभी 26 कन्याओं को समिति की ओर से 21 बर्तन पलंग बिस्तर तकिया पंखा दिवाल घडी कपडे माता जी एवं चांदी के मंगल सूत्र उपहार दिया गया ।

लडके को घड़ी कपड़े नरियल दिए गयेसभी वधू को 2150 रु नगदी दिया गया। यह निशुल्क शादी का संपूर्ण खर्च संगठन एवं ग्राम पाडली एवं कानरखेडी के गणमान्य महानुभावों के सहयोग किया गयासभी संमैलन में उपस्थित हुऐ संगठन के पदाधिकारियों एवं सधन्यव सामाजिक महानुभावों को बहुत बहुत धन्यवादकामना करते हैं कि निशुल्क सामुहिक विवाह संमैलन हर वर्ष संगठन के तत्वाधान में होता रहे।

### बाल विवाह रोकने जिला खंड व ग्राम स्तर पर समितियां गठित होंगी

**विदिशा।** 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोकने के लिए कलेक्टर ने जिला, विकासखंड व ग्राम स्तर पर समितियों का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को समिति अध्यक्ष तथा सीएसपी प्रशांत चैबे के अलावा सीएमएचओ, नपा सीएमओ जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया है। विकासखंड स्तरीय समिति के लिए संबंधित विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष समेत सात अन्य अधिकारियों को सदस्य नियुक्त किया है। ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तरीय समिति के लिए पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, नपा, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## सामूहिक सुंदरकांड की सुंदर प्रस्तुति के साक्षी बने सैकड़ों श्रद्धालु

# श्री अंजनीलाल धाम पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बरसा आनंद

**कर्णप्रिय लय व ताल के साथ बिना रूके 90 मिनिट में पूर्ण हुआ पाठ**

हरिभूमि न्यूज ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व लगातार दूसरे वर्ष अनूठे अंदाज में मना। यहां 'सामुहिक सुंदरकाण्ड' पाठ का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की तादात में पुरूष, महिलाएं, बच्चे, युवाओं ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ पाठ किया।सुंदर लय व ताल के साथ सुंदर काण्ड पाठ बिना रूके महज 90 मिनिट में पूर्ण हुआ।आम श्रद्धालुओं में अपार उत्साह, आनंद देखते हुए सामूहिक सुंदरकांड का यह पाठ अद्भुत, अद्वितीय, अकल्पनीय साबित हुआ।

मंदिर ट्रस्ट परिवार ने दूसरी बार सामुहिक सुंदर काण्ड का पाठ का यह भव्य आयोजन किया था।इस मौके पर पं।कामेशकृष्ण महाराज और कर्मकाण्ड के प्रख्यात विद्वान पं।दिनेश शर्मा चतुर्भुज नाथ मंदिर ब्यावरा मुख्ययजमान के रूप में मौजूद थे।उक्त कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया था।इसमें शामिल होने के लिये किसी से कोई शुल्क नहीं लिया गया था।

इसमें गत वर्ष 108 से बढ़ाकर इस वर्ष 251 विशेष श्रद्धालुओं के लिये प्रथक से बैठक व्यवस्था रखी गई थी.इसके चहुं और आम लोगो ने अपनी अपार उपस्थिति व पूरे मनोभाव के साथ सामूहिक पाठ में शामिल हो भगवान श्री अंजनीलाल के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा व भक्ति का परिचय दिया।

### 90 मिनिट कब पूरे हो गए पता नहीं चला

सुंदर लय व ताल के साथ श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदर काण्ड का यह पाठ महज 90 मिनिट में पूरा हुआ।वैदोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के बाद शुरू हुआ यह पाठ निर्बाध रूप से जारी रहा और लगभग 90 मिनिट में पूर्ण हो गया। जो भी इस पाठ में शामिल हुआ उसने अपने ऊपर भगवान श्री अंजनीलाल की विशेष अनुकंपा का अनुभव किया और इस अवसर को अद्धितीय माना। शांतिपूर्ण रूप से व पूरे श्रद्धा भाव के साथ जब पाठ शुरू हुआ तो कब 90 मिनिट पूरे हो गए किसी को पता नहीं चला।



### सुंदर लय व ताल के साथ अद्वितीय हुआ पाठ

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सामूहिक सुंदरकाण्ड का यह पाठ जिस प्रकार से सुंदर लय व ताल के साथ हुआ वह अपने आप में अद्धितीय साबित हुआ है। जो इस पाठ से वंचित रह गया उसने इसे अपना दुर्भाग्य माना और जो शामिल हुआ वह अपने को बड़ा शौभाग्यशाली मानता हुआ नजर आया।

मंच पर स्थानीय और बाहर से आए 09 कलाकारों का नेतृत्व श्री राजेन्द्र राठोड़ बना ने किया। सभी ने नये अंदाज में सुंदर लय व ताल के साथ पाठ किया.जिसने भी सुना, देखा वह अचंभित हुए बिना नहीं रहा।

छोटे-छोटे बच्चे, युवतियां और बालकों में पाठ के प्रति श्रद्धा और उन्हें भाव विभौर होकर पाठ करते हुए देखने का जो अद्भुत नजारा था वह अपने आप में एक बड़ा आकर्षण लिये हुआ था.

### सामूहिक आरती का दृश्य भी अद्भुत और अलौकिक बना

सुंदरकाण्ड के समापन पश्चात जब आरती हुई तो यहां भी सामूहिक आरती का दृश्य अद्भुत और अलौकिक बन गया।मंच के सामने पंडित विजय शर्मा, मंच पर पं।कामेशकृष्ण महाराज और कर्मकाण्ड के प्रख्यात विद्वान पं।दिनेश शर्मा चतुर्भुज नाथ मंदिर ब्यावरा ने जबकि विशेष स्थान पर बैठै 251 श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती की तो यह दृश्य देखने वालों को ऐसा लगा जैसे वे क्षिप्रा आरती अथवा गंगा आरती का आनंद ले रहे हो.एक साथ 251श्रद्धालु आरती करते हुए झूम कर , भाव विभौर होकर आरती गा रहे थे।उनका साथ हजारों की तादात में उपस्थित महिलाएं और पुरूष दे रहे थे।यह दृश्य देखकर हर कोई अचंभित हुए बिना नहीं रहा।इसमें शामिल होने वालों ने ट्रस्ट परिवार के इस आयोजन को सराहा और इसमें निरंतरता लाने की अपेक्षा की।